तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक पहुंचेगा कोयला



## खबर संक्षेप

### गन्ने के खेत में गिरे किशोर की मौत

**अंबिकापुर।** मवेशी को पानी पिलाने नदी किनारे गए किशोर की गन्ने के खेत में गिरने से संदिग्ध रूप से मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि बतौली देवरी निवासी 16 वर्षीय समीर तिग्गा आ. सुलेमान तिग्गा को बचपन से ही पेट में दर्द की समस्या थी और गांव में ही उसका उपचार कराय जाता था। 8 अप्रैल को किशोर गांव के समीप नदी किनारे मवेशियों को पानी पिनाले गया हुआ था। इस दौरान वह गन्ने के खेत में बेहोश होकर गिर गया। परिजन द्वारा युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भरत कराया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, 1 गंभीर

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग दुर्घटनाओं में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई वहीं एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार में सवार तीन अन्य लोग चोटिल हो गए। पहली दुर्घटना कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के निकट घटित हुई। बताया जा रहा है कि बिश्रामपुर से चार व्यक्ति बरियों पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम डकवा अपने रिश्तेदार के घर आए थे तथा गुरूवार को शाम नई बिना नम्बर की कार से वापस घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार जैसे ही कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के पास पहुंची अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं आगे की सीट पर बैठा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य तीन सवारों को भी चोटें आई है। घायलों को तत्काल बरियों स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर रूप से घायल सवार को तत्काल अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी घटना शंकरगढ़ की है जहां रात्रि 9 बजे अमृत पैकरा पिता भक्तु पैकरा (20वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 9819 से बस्ती की ओर निकला था। इस दौरान चिरई बस्ती के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 एफ 3198 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। मृतक का शव देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा। यात्रियों ने घटना की सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को पीएम के लिए भेजा।

### विद्युत ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** बुधवार को सरगुजा विद्युत ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता से मुलाकत की। इस दौरान पंजीकृत ठेकेदारों ने कार्य के दौरान आने वालों समस्याओं को लेकर छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण कार्य निष्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे न केवल ठेकेदारों की आजीविका पर असर पड़ रहा है, बल्कि उनसे जुड़े श्रमिकों के रोजगार पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। वर्तमान में नए सेवा कनेक्शन, विस्तार एवं स्थानांतरण के कार्यों को 21 लाख रूपए की उच्च राशि वाले टेंडर में शामिल किया जा रहा है। इससे छोटे एवं मध्यम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए कार्य प्राप्त करना कठिन हो गया है। इसके अलावा, पूर्व में कृषि पंप संबंधी निविदाएं कार्यपालन अभियंता (परियोजना) एवं अधीक्षण अभियंता स्तर पर जारी की जाती थीं, जिससे स्थानीय ठेकेदारों को अवसर मिलता था और कार्य समय पर पूर्ण होते थे, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में यह प्रक्रिया सीमित हो गई है।

## वर्षों पुरानी परंपरा को जीवित रखने वाले बच्छरांव साप्ताहिक बाजार में सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित

बादलखोल अभयारण्य के घने जंगलों के बीच बसे ग्राम पंचायत बच्छरांव का साप्ताहिक बाजार आज भी ग्रामीण जीवन की असली तस्वीर पेश करता है। वर्षों पुरानी परंपरा को जीवित रखने वाला यह बाजार प्रत्येक सप्ताह गुरुवार के दिन आसपास के दर्जनों गांवों के लिए जीवनरेखा बन जाता है। सुबह होते ही दूर-दराज के गांवों से लोग पैदल, साइकिल चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल, से यहां पहुंचते हैं। देखते ही देखते पूरा इलाका भीड़ से भर जाता है और बाजार अपने पूरे शबाब में नजर आता है।

आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र में बच्छरांव का बाजार लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां नमक, तेल, साबुन, राशन से लेकर सब्जी, फल, अनाज, कपड़े, बर्तन, लोहे-लकड़ी के औजार,मिट्टी के बर्तन और बच्चों के खिलौनों तक सब कुछ उपलब्ध रहता है। किसान अपनी उपज लेकर आते हैं, तो छोटे व्यापारी और कारीगर अपने सामान बेचकर परिवार का गुजारा चलाते हैं। यही कारण है कि यह बाजार सिर्फ खरीद-फरोख्त का स्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बना हुआ है। बाजार में उमड़ने वाली भीड़ इस बात का प्रमाण है कि आज भी गांवों में साप्ताहिक बाजारों की अहमियत कम नहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

**क्या कहते हैं ग्रामीण:** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब हर सप्ताह इतनी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, तो शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का होना बेहद जरूरी है। पंचायत और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**सामाजिक जुड़ाव का मजबूत केंद्र:** बच्छरांव का यह साप्ताहिक बाजार आज भी परंपरा, जरूरत और सामाजिक जुड़ाव का मजबूत केंद्र बना हुआ है, लेकिन अब इसे बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की जरूरत है, ताकि यह हाट न केवल ग्रामीणों की जरूरतें पूरी करे, बल्कि उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण भी प्रदान कर सके।

**भेजा गया है प्रस्ताव :** बच्छरांव सरपंच, शंकर राम बराला का कहना है कि जनपद पंचायत बगीचा से सामुदायिक शौचालय की मांग की गई है जिसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है पर अब तक काम की स्वीकृति नही मिली है। स्वीकृति मिलते ही शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

### भीड़ बढ़ी पर सुविधाएं नहीं

इस बाजार में भीड़ और रौनक के बीच एक कड़वी सच्चाई भी सामने आती है। इतने बड़े बाजार में आज तक शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव बना हुआ है। बाजार परिसर में शौचालय नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को उठानी पड़ती है। उन्हें खुले में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि सुरक्षा और स्वच्छता के लिहाज से भी बेहद चिंताजनक है।

### तत्काल होगा निर्माण

ग्राम पंचायत बच्छरांव का साप्ताहिक बाजार परिसर में सामुदायिक शौचालय नहीं होने की जानकारी आपसे मिल रही है। बाजार में एक शौचालय का होना बहुत जरूरी है। तत्काल वहां शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

-मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विनोद सिंह जनपद पंचायत बगीचा

### नारायणपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर कुसुमडार गांव की घटना

## दातून तोड़ने जंगल गए बुजुर्ग को हाथी ने मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ पूरे गांव में सन्नाटा और दहशत का माहौल

नारायणपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर कुसुमडार गांव में गुरुवार की सुबह दातुन तोड़ने जंगल गए 83 वर्षीय बुजुर्ग को हाथी ने बेरहमी से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा और दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, कुनकुरी रेंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलासपुर कुसुमडार निवासी बुधनाथ राम चौहान उम्र 83 वर्ष कल गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे अपने घर से दातुन तोड़ने के लिए निकले थे। वे बेलजोरा नाला पार कर महज 800 मीटर दूर स्थित गिद्दाबहार जंगल पहुंचे थे, जहां पहले से ही दो जंगली हाथी विचरण कर रहे थे।बताया जा रहा है कि जैसे ही बुजुर्ग दातुन तोड़ने में व्यस्त थे, अचानक उनका सामना हाथियों से हो गया। हाथियों को सामने देख जान बचाकर भागने का प्रयास करने लगे,लेकिन उम्रदराज होने के कारण बुधनाथ राम चौहान तेज़ी से भाग नहीं सके।



### इलाके में अब भी मंडरा रहा खतरा

जिस स्थान पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है, वहां अब भी दो जंगली हाथियों की मौजूदगी बताई जा रही है। इसे देखते हुए वन विभाग ने गांव में मुनादी कर लोगों को उस क्षेत्र में जाने से सख्ती से मना किया है।ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगल की ओर अकेले न जाएं, सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जंगली जानवर की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

### क्या कहते हैं वन अधिकारी

वन परिक्षेत्राधिकारी कुनकुरी, सुरेंद्र होता ने बताया किकल सुबह 10 बजे की घटना है समीप के नाला में नहाने गया उससे पहले दातुन के लिए नाला किनारे जंगल मे गया था जंहा उसका सामना हाथी से हो गया और हाथी ने सूंड़ से पटक कर जान ले लिया, शव को पीएम कराकर परिवार को सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग की ओर से तत्काल सहायता राशि 25 हजार दे दी गई है।

### सूंड से जकड़ा

इसी बीच एक हाथी ने उन्हें अपनी सूंड से जकड़ लिया और जोर से पटक दिया। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग ओर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कुनकुरी अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। वहीं विभाग की टीम लगातार इलाके में निगरानी बनाए हुए है।

## खाद बिक्री में अनियमितता, 10 दुकानों को नोटिस



■ कृषि विभाग के मैदानी अमले ने खाद, बीज एवं दवा दुकानों का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** किसानों को सही समय पर सही दर पर खाद एवं बीज उपलब्ध हो इस हेतु कृषि विभाग के उप संचालक सहित समस्त मैदानी अमले द्वारा निजी क्षेत्र के खाद, बीज एवं दवा दुकानों का सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है।

खरीफ विपणन वर्ष 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। अब तक खरीफ उर्वरक का लक्षय 26675 मे.टन के विरूद्ध में जिले में अबतक 11306 मे.टन का उर्वरक भण्डारण कर 149 मे. टन खाद का वितरण किया जा चुका है। इस तारतम्य में उप संचालक कृषि द्वारा जिले के कुल 10 दुकानों का स्वयं के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं कमी यथा उर्वरक दर का डिस्पले नहीं होना, स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया जाना, किसानों को खाद विक्रय करने का रजिस्टर संधारण नहीं किया जाना, किसानों को खाद विक्रय की रसीद नहीं दिया जाना आदि अनियमितता पाये जाने पर 10 दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें में. अन्नपूर्णा खाद भण्डारण पत्थलगांव, राम सेल्स पत्थलगांव, ओमप्रकाश अवग्रवाल बगीचा, संजय अग्रवाल, बगीचा, नीशांत ट्रेड्स कांसाबेल, विनायक एग्रो कोतबा, न्यू आदेर्श कृषि केन्द्र, कोतबा, बालाजी खाद भण्डार पत्थलगांव, राहुल कृषि केन्द्र सन्ना एवं जैन कृषि केन्द्र सन्ना शामिल हैं।

जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को ⏭ शेष पेज 4 पर

### पत्थलगांव की दो दुकानों में जांच

**पत्थलगांव।** कृषि विभाग के द्वारा उर्वरक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जगरनाथ कृषि केंद्र सरईटोला द्वारा स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का संधारण नहीं करने एवं श्वेता गुप्ता कृषि केंद्र गंझियाडीह के द्वारा स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का संधारण नहीं करने, डीएपी की खुली बोरी में अन्य खाद मिलने एवं गोदाम में अनियमितता पाए जाने के कारण एसडीओ कृषि द्वारा नोटिस जारी कर 7 दिवस में जवाब मांगा गया है। जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कृषि विभाग से आरके पैकरा एसडीओ कृषि पत्थलगांव, नंदेराम भगत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी फरसाबहार, देवकांत अजगल्ले उर्वरक निरीक्षक फरसाबहार शामिल रहे।



## 72 घंटे के अखण्ड संकीर्तन में गूंज रहा हरि नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय हुईं शामिल

महाकुल यादव समाज सेवा समिति बगीचा के तत्वावधान में आयोजित श्री हरि अखण्ड संकीर्तन चौबीस प्रहरी, 72 घंटे का भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रहा है। 7 अप्रैल से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक महायज्ञ 11 अप्रैल शनिवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा।

गुरुवार की संध्या आयोजित अष्ट प्रहरी महायज्ञ में प्रदेश के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और आयोजन की सराहना की। इस भव्य आयोजन में जिले भर से अनेक कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं, जो निरंतर हरे कृष्ण हरे राम की मधुर धुनों से वातावरण को भक्तिरस में डुबो रही हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति की ऐसी बयार बह रही है कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो उठा है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर कीर्तन, भजन और महायज्ञ में भाग ले रहे हैं। आयोजन स्थल पर उमड़ी आस्था की यह भीड़ इस धार्मिक कार्यक्रम की भव्यता और लोकप्रियता को दर्शाती है। पूरे क्षेत्र में गूंज रहे हरिनाम संकीर्तन ने बगीचा को मानो एक आध्यात्मिक धाम में परिवर्तित कर दिया है, जहां हर कोई भक्ति और श्रद्धा में लीन नजर आ रहा है।



## सारूडीह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

■ नागरिक इलेवन ने प्रशासन इलेवन को 4 रन से हराकर जीता रोमांचक मुकाबला

**जशपुरनगर।** स्वर्गीय विकास शर्मा की स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ गुरुवार, 9 अप्रैल को सारूडीह ग्राउंड (चाय बागान रोड) में उत्साह, उल्लास और जनसमूह की भारी उपस्थिति के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके आगमन से पूरे आयोजन में विशेष ऊर्जा और आकर्षण देखने को मिला।

रात्रि लगभग 8:30 बजे मुख्य अतिथि कौशल्या साय के मैदान में पहुंचते ही आयोजन समिति द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा मैदान उत्सवमय वातावरण में झूम उठा।मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसके बाद उद्घाटन मैच खेला गया। समिति के वैभव सिन्हा (डाबू) ने बताया की उद्घाटन मैच प्रशासन इलेवन और नागरिक इलेवन के बीच 10-10 ओवर का खेला गया, जो अंत तक बेहद रोमांचक बना रहा। प्रशासन इलेवन की कप्तानी अंकित फटकरे ने की। टीम में हरिओम दुबे, विश्वास राव मस्के, समीर बड़ा, दिव्यांश सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे। नागरिक इलेवन की कप्तानी विजय आदित्य सिंह जूदेव ने संभाली। टीम में अरविंद भगत, राजा सोनी, राहुल गुप्ता सहित अन्य प्रतिष्ठित नागरिक शामिल रहे। नागरिक इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में प्रशासन इलेवन की टीम 77 रन ही बना सकी और इस तरह नागरिक इलेवन ने 4 रन से शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा और हर रन पर तालियों की गूंज सुनाई दी। इस सफल आयोजन में फ्रेंड्स क्लब, जशपुर की पूरी टीम का योगदान सराहनीय रहा। अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष रूपेश नायक, कोषाध्यक्ष संदीप भगत, सचिव प्रिंस भगत, उपसचिव विशाल शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने आयोजन ⏭ शेष पेज 4 पर



### मुख्यमंत्री ने पद्मश्री जागेश्वर यादव के जीवन पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

## सेवा और समर्पण का प्रेरक दस्तावेज है बिरहोर जननायक कृतिः साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पद्मश्री जागेश्वर यादव के जीवन पर आधारित पुस्तक "बिरहोर जननायक" का विमोचन किया। दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पद्मश्री श्री यादव का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के प्रति समर्पित रहा है और उनके कार्य विशेष रूप से जनसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जशपुर जिले में 'बिरहोर के भाई' के रूप में विख्यात श्री जागेश्वर यादव ने बिरहोर आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जो कार्य किए हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि उनका सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति अटूट प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि सच्चा नेतृत्व सेवा और संवेदनशीलता से ही जन्म लेता है।



### नई पीढ़ी होगी जागरूक

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि "बिरहोर जननायक" पुस्तक उनके संघर्ष, समर्पण और सेवा की उस प्रेरक यात्रा को सामने लाती है, जो नई पीढ़ी को समाज के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनने की दिशा देती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कृति पाठकों को न केवल प्रेरित करेगी, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होगी।

### समर्पित प्रयासों से प्रेरित

इस अवसर पर पुस्तक के लेखक डॉ. लोकेश पटेल ने बताया कि इस पुस्तक की रचना आदिम जनजातियों, विशेषतः बिरहोर समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए श्री यादव द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इस कृति में उनके जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और मानवीय दृष्टिकोण को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

## 75 दिव्यांग लोगों को मिला शिविर का लाभ




**जशपुरनगर।** कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 8 अप्रैल को दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाया गया। इसके अलावा पेंशन योजनाओं सहायक उपकरण, दिव्यांग ऋण इत्यादि हेतु आवेदन भी लिया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण सुगम्य केन श्री चन्द्रशेखर खत्री 60 वर्ष ग्राम नारायणपुर निवासी दृष्टि वाधित 100 प्रतिशत प्रदान किया गया एवं 10 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही 5 दिव्यांगजन ने दिव्यांग पेंशन की जानकारी व दिव्यांग ऋण की जानकारी प्राप्त की। उक्त शिविर में 75 दिव्यांगजन उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी अनिवार्य

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विभाग ने योजना से जुड़ी सभी महिलाओं को अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। जारी सूचना के अनुसार, ई-केवाईसी प्रक्रिया 3 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और यह 30 जून तक चलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य ग्राम पंचायत भवनों में जबकि शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी तभी संभव होगी जब हितग्राही का नाम योजना में दर्ज नाम और आधार कार्ड में अंकित नाम से पूरी तरह मेल खाए। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, तो पहले संबंधित विभाग में सुधार कराना अनिवार्य होगा।

### सूरजपुर जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धारा 3 अंतर्गत जिला सूरजपुर के विकासखंड सूरजपुर को 1 अप्रैल से 15 जून तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। अधिनियम की धारा 6 अंतर्गत अब विकासखंड सूरजपुर में एसडीएम की पूर्वानुमति के बिना कोई भी नया नलकूप चाहे पेयजल हेतु हो अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। जन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति के लिए एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय, तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार से प्रतिवेदन प्राप्त करने के उपरांत नियमानुसार बोरवेल खनन की अनुमति प्रदान करेंगे। यह व्यवस्था ग्रीष्मकाल में भूजल स्तर को संरक्षित रखने और जिले में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की गई है।

### 15 दिवसीय इंटर्नशिप का समापन, दिया गया प्रमाण पत्र

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज, अम्बिकापुर के बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने 15 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इंटर्नशिप कार्यक्रम कुमकुम फाउंडेशन रायपुर एवं गुरूद्रोणाचार्य फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के सभी सत्र कॉलेज के कम्प्यूटर लैब में ऑनलाइन आयोजित किए गए, जिससे विद्यार्थियों ने डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने की कुशलता हासिल की तथा तकनीकी उपकरणों एवं आधुनिक अनुप्रयोगों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। रोहित टांडी ने विद्यार्थियों को डिजिटल स्किल्स, फ्लायर डिजाइनिंग, लेटरहेड निर्माण, आईडी कार्ड डिजाइनिंग तथा कोरल ड्रॉ सॉफ्टवेयर के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। समापन सत्र में कुमकुम फाउंडेशन के निदेशक अनुराग सिंह ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तकनीक के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि इस डिजिटल युग में मुख्य तकनीकों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। परीक्षा नियंत्रक डॉ.दीपक सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विभागाध्यक्ष चेतन कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनुभव श्रीवास्तव, सर्वेश पाण्डेय, डॉ.कृतिका सिन्हा, प्रिया पाण्डेय एवं निकिता देशमुख ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### साप्ताहिक बाजार में मधुमक्खियों ने किया हमला, मची भगदड़

**अंबिकापुर।** लुंड्रा के असकला साप्ताहिक बाजार में मधुमक्खियों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। बताया जा रहा है कि असकला साप्ताहिक बाजार के समीप मौजूद पानी टंकी में मधु मक्खियों के छत्ते मौजूद है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि संभवतः किसी ने मधुमक्खियों के छत्ते को छेड़ दिया जिसके बाद अचानक ही छत्ते से निकलकर मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया जिसके बाद साप्ताहिक बाजार में भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। कई लोगों ने खुद को छिपाकर किसी तरह जान बचाई। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना में कई ग्रामीण और दुकानदार घायल हुए है। कई लोगों ने जान बचाने के लिए मड़ई में शरण ली।

## उड़ते धूल के गुबार से स्कूली बच्चों के सेहत पर पड़ रहा विपरीत असर

# ग्राम पंचायत भंवरमाल की जर्जर सड़क से राहगीरों का आवागमन करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सड़क की समय पर मरम्मत और देखरेख होने से न सिर्फ सड़क की अवधि बढ़ जाती है बल्कि लोगों को भी बेहतर आवागमन की सुविधा मिलती है। लेकिन सड़क की मरम्मत व देखरेख नहीं होने से सड़क अपनी निर्धारित समय से पूर्व ही जर्जर हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत भंवरमाल की है। सड़क की हालत ऐसी है कि अब लोगों को मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। जर्जर उबड़ खाबड़ सड़क और उड़ते धूल के बीच से लोग आवागमन करने को मजबूर है जिससे अब मार्ग से आवागमन करने वाले छोटे बच्चों के सेहत पर भी विपरीत असर पड़ने लगा है।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में मार्ग से लोग करते है आना जाना

रामानुजगंज से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भवरमाला तक पहुंचना वर्तमान समय में आसान नहीं है। खराब और जर्जर सड़क के कारण यहां के लोगों को वर्षों से परेशानी झेलनी पड़ रही है, लेकिन सबसे ज्यादा असर छोटे स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। गांव के बच्चे रोजाना पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाते हैं। महज 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें 40 मिनट से अधिक समय लग जाता है। रास्ता उबड़-खाबड़ होने के कारण सफर थकाऊ ही नहीं, बल्कि कई बार खतरनाक भी हो जाता है। जबकि मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में दो पहिया के अलावा चार पहिया और यात्री बस आवागमन करती है। जर्जर सड़क से वाहनों के आने जाने के दौरान धूल के गुबार उड़ने से राहगीरों की परेशानी और भी बढ़ जाती है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग नहीं की है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से सड़क की हालत दयनीय हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में सड़क पर कीचड़ होने से परेशानी होती है वहीं वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण अब सड़क से उड़ते धूल ने और भी परेशानी बढ़ा दी है। सुबह-सुबह भारी बैग लेकर निकलने वाले बच्चे रास्ते भर झटकों और धूल से जूझते हैं जिससे उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ता है।



जर्जर सड़क।

**ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग**

ग्रामीणों ने भवरमाल की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ सड़क का मुद्दा नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। अगर जल्द ही सड़क का निर्माण या मरम्मत नहीं हुई, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। अब इस मुद्दे को लेकर गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी सामने आए हैं। उनका कहना है कि हमें अच्छी सड़क दे दीजिए, ताकि हम समय पर और सुरक्षित स्कूल पहुंच सकें।

**कई बार उठ चुकी है मांग**

जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा कई बार सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे में सड़क मरम्मत नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। दिन के समय राहगीर किसी तरह मार्ग से गुजर जाते है लेकिन शाम ढ़लते ही मार्ग से आवागमन करना काफी खतरनाक हो जाता है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**दो रास्ते, दोनों ही परेशान करने वाले**

रामानुजगंज से भवरमाला पहुंचने के लिए दो रास्ते है लेकिन दोनों रास्ते की हालत एक जैसी है। एक रास्ता अरागाही होकर जाता है, जो खराब सड़क के कारण समय लेने वाला है वहीं दूसरा रास्ता पुराने वन विभाग लकड़ी डिपो, कमलपुर और केरवासिला होकर जाता है, जो संकरा और कच्चा है। दोनों ही मार्गों की हालत खराब होने से ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा का सफर चुनौती बना हुआ है।



## ओबीसी कोल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने की नई नियुक्ति की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ओबीसी कोल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक सम्मेलन में एसईसीएल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी एवं ठेका श्रमिकों के हित में पहल की गई है। एसोसिएशन ने बड़सरा निवासी रमाशंकर यादव को प्रभारी नियुक्त किए जाने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर को पत्र प्रेषित किया है।

जारी पत्र के अनुसार, एसोसिएशन ने प्रबंधन से अनुरोध किया है कि श्री यादव को आउटसोर्सिंग कंपनी एवं ठेका श्रमिकों का प्रभारी नियुक्त किया जाए, ताकि उनके नेतृत्व में कार्यरत कर्मचारियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए प्रभावी कार्य किए जा सकें। एसोसिएशन का मानना है कि रमाशंकर यादव के अनुभव और कार्यशैली से ओबीसी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। साथ ही कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे। पत्र में प्रबंधन से यह भी कहा गया है कि इस संबंध में श्री यादव के साथ बैठक कर ओबीसी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। एसोसिएशन ने विश्वास जताया है कि प्रबंधन द्वारा पूर्व की भांति सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में पत्र की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।



## जिपं सदस्य लोकेश ने संयुक्त संवेदना योजना को बताया प्रेरणादायी पहल

**ओड़गी।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल संयुक्त संवेदना योजना को एक बार फिर जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिला है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश पैकरा ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए समिति को आर्थिक सहयोग प्रदान किया और शिक्षकों द्वारा शिक्षकों के हित में किए जा रहे इस कार्य को सराहनीय बताया।

जिपं सदस्य लोकेश पैकरा ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को मजबूत तथा जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल का कार्य करती हैं। विकासखंड ओड़गी के प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस पहल की शुरुआत वर्ष 2020-21 में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई थी। समय के साथ यह प्रयास एक मजबूत नेटवर्क में परिवर्तित हो चुका है, जिसमें अब हजारों शिक्षक जुड़कर एक-दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर हैं। योजना के अंतर्गत सदस्य बनने वाले शिक्षक प्रतिवर्ष एक निर्धारित राशि जमा करते हैं, जिससे किसी सदस्य के आकस्मिक निधन की स्थिति में उसके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

अब तक अनेक परिवारों को इस योजना से राहत मिल चुकी है, जो इसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को दर्शाता है।

## चेक डेम निर्माण के बाद किसानों के लिए सिंचाई व खेती में हुई आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत परसागुडी के दादरनाला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 19 लाख रूपए की लागत से निर्मित चेक डेम किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है।

इस चेक डेम के बनने से आसपास के लगभग 65 किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें खेती-किसानी में काफी सहूलियत मिल रही है। साथ ही यह जल संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



चेक डेम में संचित पानी का उपयोग किसान गर्मी के मौसम में भी फसलों की सिंचाई के लिए कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण इस पानी का उपयोग पशुओं को पिलाने और घरेलू जरूरतों के लिए भी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले भी यहां एक चेक डेम बनाया गया था, जो जर्जर होकर टूट गया था। मरम्मत के अभाव में किसानों को लंबे समय तक पानी की समस्या का सामना करना पड़ा और खेती प्रभावित हुई। इस वर्ष नए चेक डेम के निर्माण से स्थिति में सुधार हुआ है और किसानों को दोबारा लाभ मिलने लगा है। किसानों ने मांग की है कि यदि इस चेक डेम का गहरीकरण कर दिया जाए तो अधिक मात्रा में पानी संग्रहित किया जा सकेगा और वर्षभर सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया कि दादरनाला का क्षेत्रफल काफी लंबा है और पर्याप्त जगह उपलब्ध है, इसलिए पानी तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया जाए, जिससे लोगों को सुविधा मिले।

### गिरने से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** पानी लेकर आ रही महिला अचानक रास्ते में गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत कुदरगढ़ निवासी फूल कुंवर पति सूले राम (43 वर्ष) मंगलवार की दोपहर घर से कुछ दूर स्थित ढोढ़ी में पानी लेने गई थी। पानी लेकर वापस लौटने लगी तभी रास्ते में गिर गई जिससे घायल हो गई। परिजन महिला को चंद्रमेढ़ा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## अभिभावकों की शिकायतों पर डीईओ ने ली पुस्तक विक्रेताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अशासकीय स्कूलों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षावार पुस्तकों एवं कॉपियों का दबावपूर्वक बंडल बेचने की शिकायत पर बुधवार को डीईओ ने अपने कार्यालय में पुस्तक विक्रेताओं की बैठक ली। बैठक में डीईओ ने विक्रेताओं से पुस्तकों की जानकारी ली तथा अभिभावकों की इच्छानुसार पुस्तकें उपलब्ध कराने निर्देशित किया तथा भविष्य में इस संबंध में शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।



बैठक में डीईओ डॉ.दिनेश झा ने कहा कि विक्रेता तत्काल बंडल बनाकर पुस्तकें बेचना बंद करें तथा मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अभिभावक पर पुस्तक-कॉपी एक साथ खरीदने का दबाव न डालें। विभाग द्वारा अभिभावकों की शिकायतों की जांच के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। भविष्य में शिकायत की पुष्टि होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुस्तक विक्रेताओं ने बताया कि वे कक्षा 6वीं से 12वीं तक एनसीईआरटी की पुस्तकें बेच रहे हैं। सभी स्कूलों की पुस्तकें एक दुकान में रखना संभव नहीं होने के कारण आपसी समझ से पुस्तकें रखी गई हैं तथा अब तक 80 फीसदी पुस्तके बेची जा चुकी है। व्यवसाइयों ने सुझाव दिया कि जनवरी महीने तक सभी निजी स्कूलों की पुस्तकों की सूची समीक्षा उपरांत उपलब्ध कराया जाए ताकि किसी को भी असुविधा न हो। डीईओ ने पुस्तक विक्रेताओं को अपनी दुकान के बाहर किताबों का पूरा सेट एवं कॉपियां लेना अनिवार्य नहीं है तथा बंडल में किताबें नहीं बेची जाती संबंधी सूचना लगाने निर्देशित किया।

## युवा कांग्रेस ने कर दिया आजाद की प्रतिमा का अनावरण, मचा बवाल

### गंगाजल से भाजपा ने किया शुद्ध, सीएम ने विधि विधान से किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सीएम से पहले शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण किए जाने की घटना से नया सियासी बवाल खडा हो गया है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाकर प्रतिमा का अनावरण कर दिया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने फिर से प्रतिमा स्थल को गंगाजल से धोकर पवित्र किया और उसके बाद सीएम ने विधिवत तरीके से प्रतिमा का अनावरण किया। इस घटना के बाद ननि प्रशासन भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

बता दें कि शहर में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा वर्ष 2013 से बनकर तैयार है लेकिन चौक व अन्य विवादों के कारण प्रतिमा स्थापित नहीं हो पाई। अंततः 13 वर्षों बाद विवाद समाप्त होने के बाद आकाशवाणी चौक के समीप ही प्रतिमा को स्थापित करने की योजना बनाई गई थी और प्रतिमा स्थापित करने के बाद ही अन्य निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा किए गए थे। 9 अप्रैल को सीएम द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया जाना। शहर में लोनिवि



ऑफिस के समीप भाजपा नेता रवि शंकर त्रिपाठी और आकाशवाणी चौक पर चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण सीएम को करना था लेकिन देर रात युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा और अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा का अनावरण कर दिया। युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकल झा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता की प्रतिमा पर बड़ी सज सज्जा और चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर सामान्य सजावट व व्यवस्था करना उनका अपमान है। विकल ने वीडियो जारी कर ये कहा कि गोडसे की विचारधारा वाले लोगो से मै ये उम्मीद भी नही करता हूं की वो किसी शहीद का सम्मान करेंगे इसलिए मै इनकी प्रतिमा का स्वयं अनावरण कर रहा हूँ। इस घटना के बाद हडकंप मच गया। घटना की सूचना के बाद नगर निगम के कमिश्नर व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रतिमा को फिर से ढंका गया। इसके साथ ही भाजपा नेता रोचक गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा को गंगा जल से शुद्ध किया और इसके बाद मुख्य मंत्री ने दोबारा इस प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा।

**की जाएगी कार्रवाई**

चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा 13 से बनी हुई है लेकिन विवाद के कारण स्थापित नहीं हो पाया था। अब भव्यता के साथ प्रतिमा को स्थापित किया जाना ता। इस तरह की रात के अंधेरे में किया गया कृत्य गलत है और शहीद चंद्रशेखर आजाद का अपमान है। वहीं निगम के कार्य में बाधा डालने का काम भी किया गया। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

-**डीएन कश्यप**, आयुक्त ननि

## भाजपा नेता गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत 7 से 13 तक देंगे घर-घर दस्तक

# महुवापारा–देवीपुर मार्ग जोगी नाला पर 3.18 करोड़ की लागत से होगा पुल सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज : सूरजपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 15 महुवापारा–देवीपुर मार्ग पर जोगी नाला में लंबे समय से लंबित पुलिया और सड़क निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। लगभग 3 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल एवं सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, विशेष कर बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी।

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल शहर द्वारा आज गांव चलो-बस्ती चलो अभियान की शुरुआत



वार्ड क्रमांक 15 महुआपारा से की गई। अभियान का नेतृत्व विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी स्थिति और संतुष्टि का फीडबैक लिया। अभियान दल ने वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में भी पहुंचकर जनसंपर्क किया और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी। लोगों में योजनाओं के प्रति संतोष और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम का संचालन राजू देवांगन ने किया। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि जोगी नाला पुल और सड़क निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। हमने जो वादा किया था उसे पूरा करने का काम कर रहे हैं। अजय अग्रवाल ने कहा कि यह मार्ग और पुलिया वर्षों से लोगों की प्रमुख मांग थी निर्माण कार्य से आवागमन आसान और सुरक्षित होगा शशिकांत गर्ग ने कहा यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक है। सरकारी योजनाएं तेजी से जमीनी स्तर पर लागू हो रही हैं। अरविंद मिश्रा ने कहा पुल और सड़क बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी नगर के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, राजेश महलवाला, थलेश्वर साहू, शैलेश अग्रवाल, राजू देवांगन, देवन्ती साहू, संदीप अग्रवाल, शिवशंकर साहू, किशन देवांगन, प्यारे साहू, ललन सोनवानी, अजय सिंह, बजरंग, दिलीप साहू, पिंकी साहू, ज्योति देवांगन, संदीप, सत्यनारायण गुप्ता सहित पार्षद एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा मंडल रामानुजगंज की बैठक



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल रामानुजगंज की प्रथम परिचयात्मक मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया, वहीं बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने की। बैठक के दौरान युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया गया तथा संगठन की आगामी रणनीति, कार्यक्रमों एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आगामी कार्यों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ऊर्जा के साथ निभाने का विश्वास दिलाया। इस दौरान श्रीमती शर्मिला गुप्ता, अरुण केशरी, सीताराम गुप्ता, श्रीमती शीला जायसवाल, श्रीमती उषा गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, विकास गुप्ता, सुमित गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, वासुदेव राय, कृष्णा गुप्ता, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद स्व. अरुण नागवंशी की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

द फैशन मॉल

अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

Ph - 07774 230041

# छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक पहुंचेगा कोयला

## महाजेनको की गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस से कोयले का डिस्पैच शुरू

छत्तीसगढ़ अब देश के औद्योगिक और ऊर्जा उत्पादन परिदृश्य में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। रायगढ़ जिले में स्थित गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस से कोयले का प्रथम डिस्पैच औपचारिक रूप से शुरू हुआ।




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ का कोयला अब सीधे महाराष्ट्र में विद्युत उत्पादन को समर्थन देगा। गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल ब्लॉक महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) के लिए विकसित किया जा रहा है, जो महाराष्ट्र में विद्युत उत्पादन की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई है। इस परियोजना के माध्यम से महाराष्ट्र की ताप विद्युत परियोजनाओं को छत्तीसगढ़ से सुनिश्चित और स्थिर ईंधन आपूर्ति प्राप्त होगी, जिससे बिजली उत्पादन की निरंतरता और विश्वसनीयता को मजबूती मिलेगी। कंपनी के मुताबिक महाजेनको के कार्यकारी निर्देशक डा.नीतिन वाघ, मुख्य अभियंता शैलेश पडोल और गारे पेलमा के क्लस्टर हेड एलआरसी रेड्डी के मार्गदर्शन में पहली रैक का प्रेषण किया गया।

### 14 गांवों के 1,679 परिवारों का पुनर्वास

कंपनी की ओर से कहा गया है कि स्थानीय विकास को प्राथमिकता देते हुए परियोजना क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 35 करोड़ रुपए की प्रारंभिक सीएसआर योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और कौशल विकास से जुड़े कार्य शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही संचालन अवधि के दौरान परियोजना के शुद्ध लाभ का 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष स्थानीय विकास कार्यों में निवेश किया जाएगा। परियोजना से प्रभावित 14 गांवों के 1,679 परिवारों के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना भी प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी परियोजना में विशेष ध्यान दिया गया है। एक व्यापक पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत हरित पट्टी का विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण उपाय, जल संरक्षण तथा खनन के पश्चात भूमि सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके।

### 655.15 मिलियन टन कोयला भंडार उपलब्ध

गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस में लगभग 655.15 मिलियन टन कोयला भंडार उपलब्ध है। इसकी अधिकतम वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन टन (एमटीपीए) निर्धारित की गई है। परियोजना के पूर्ण संचालन से छत्तीसगढ़ राज्य को रॉयल्टी, जिला खनिज निधि (डीएमएफ), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा अन्य मदों के माध्यम से लगभग 29,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। इसके साथ ही खनन गतिविधियों से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। परियोजना के तहत 3,400 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे, वहीं परिवहन, निर्माण, खानपान, सुरक्षा, ठेकेदारी और अन्य सहायक सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय गति मिलेगी।



### ऊर्जा आवश्यकताओं को समर्थन मिलेगा

अधिकारियों के मुताबिक इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने कहा कि गारे पेलमा सेक्टर-2 कोल माइंस से पहला डिस्पैच परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे न केवल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को समर्थन मिलेगा, बल्कि रायगढ़ क्षेत्र में रोजगार सृजन और सामाजिक विकास की प्रक्रिया भी तेज होगी। वहीं सीएसआर टीम के प्रतिनिधि ने कहा कि स्थानीय समुदाय इस विकास मॉडल का अभिन्न हिस्सा है और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आजीविका से जुड़े कार्यक्रमों को आने वाले समय में और विस्तार दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### दीक्षांत समारोह में अलंकृत हुए ज्योतिर्विद प्रशांत

**तमनार।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 07 अप्रैल को दिल्ली में किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली के राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू शामिल हुए। रीजनल कार्यालय रायपुर में दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला ने की। इस दीक्षांत समारोह में तमनार अंचल के कोलम ग्राम के निवासी प्यारेलाल शर्मा के सुपुत्र प्रशांत शर्मा को ज्योतिष शास्त्र में स्नातकोत्तर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर प्रमाणपत्र एवं आचार्य की उपाधि से अलंकृत किया गया। पेशे से इंजीनियर प्रशान्त शर्मा विगत कई वर्षों से ज्योतिष के कार्यों से क्षेत्र में जनकल्याण का कार्य कर रहे हैं। प्रशान्त शर्मा ने इस गौरवान्वित क्षण में अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, ज्योतिष के गुरुजनों और इग्नू के शिक्षकों को दिया है।

### कलेक्टर ने आरसेटी का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आरसेटी में महिलाओं को ब्यूटी पार्लर से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा हैए जिसमें एक बैच में लगभग 35 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, प्रभारी लीड बैंक प्रबंधक लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, फैकल्टी सदस्य अतुल मिश्रा आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से परिचय प्राप्त किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ.साथ उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पेज 1 का शेष

### वर्षों पुरानी परंपरा ...

हुई है। यहां लोगों के बीच आपसी मेलजोल, बातचीत और रिश्तों की गर्माहट भी साफ देखने को मिलती है। सप्ताह में एक दिन लगने वाला यह बाजार ग्रामीणों के लिए एक तरह से सामाजिक उत्सव जैसा होता है, जहां जरूरतें भी पूरी होती हैं और अपनापन भी महसूस होता है।

### खाद बिक्री में ...

शासकीय दर पर एवं बोई जाने वाली फसल के रकबे के अनुसार ही उर्वरक का विक्रय करने के लिए निर्देशित किया गया है। यदि किसी दुकानदार के द्वारा उक्त निर्देश का पालन नहीं करने पर उर्वरक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई यथा लाईसेंस निरस्तीकरण, एफ.आई. आर की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसान भाई जब भी आपके द्वारा निजी दुकान से उर्वरक एवं अन्य आदान सामग्री क्रय की जाती है, तो शासकीय दर पर ही खरीदी कर रसीद लेने की अपील की जाती है। जिले में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, उर्वरक की कालाबाजारी, गैर कृषि उपयोग, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय एवं अमानक उर्वरकों की अवैध बिक्री रोकने के लिए जिले के सभी निजी एवं शासकीय 187 दुकानों को कृषि विभाग के मैदानी अमलों को नामजद डयटी लगाई गई है।

### सारूडीह रात्रिकालीन...

को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के सक्रिय सदस्यों में मृत्युंजय पाठक, अतुल मूंदड़ा, सम्यक जैन, संदीप सिन्हा, प्रहलाद भगत, संजय खूंटे, ज्ञान भगत, मुनेश्वर सिंह, अनूप, पप्पू शर्मा, गगन यादव, गौरव यादव, गौरव भगत, सागर नायक, शत्रुघ्न बघेल, सौरभ, प्रतीक तिग्गा, रवि एक्का, तूफान सिंह, रोहित साहू, विराज, नितेश भगत, सौरभ सनवासी, हबलू, निक्की, हर्ष, शिवानंद, अंशुल भगत, गुड्डन, अभिमन्यु पाण्डेय, रुद्र, शिवम, दिनेश सोनी, विवेक नायक, आदित्य टोप्पो, अमन भगत, विजय पैंकरा, राजा गुप्ता, वैभव सिन्हा ( डाबू ) रोहित भगत एवं नवीन सहित सभी का विशेष सहयोग रहा। विशेष रूप से वैभव सिन्हा (डाबू) की सक्रिय भागीदारी और सहयोग आयोजन की सफलता में उल्लेखनीय रहा।

# बासनताला स्कूल में संकल्प प्रवेश परीक्षा के लिए सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के शास उच्च मध्य विद्यालय बासन तला के प्राचार्य प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान के नेतृत्व में 9 अप्रैल को शास.उच्च.माध्य. विद्यालय बासनताला में संकल्प प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी भौतिक शास्त्र के व्याख्याता राजीव लोचन साहू तथा रसायन शास्त्र के व्याख्याता नवनीत रमन नारंग ने जशपुर जिला के अंतर्गत संचालित तीनों शिक्षण संस्थान कुनकुरी, पत्थलगांव एवं जशपुर में विद्यार्थियों को मिल रही उपलब्धियों,बेहतर शिक्षा के स्तर तथा उपलब्ध सुविधाओं से उपस्थित विद्यार्थियों और अभिभावकों को अवगत किया। उन्होंने बताया कि, कक्षा 9वीं से






12वीं तक इन तीनों संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही जेईई एवं नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी निःशुल्क और बहुत ही बेहतर ढंग से कराई जाती है। इन संस्थाओं के माध्यम से जेईई एवं नीट के लिए चयनित हुए कई छात्राओं की जानकारी भी इनके द्वारा दी गई। साथ ही इन्होंने संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए पाठ्यक्रम की भी जानकारी दी।प्राचार्य खान ने कहा कि, संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित बच्चों का प्रवेश होता है, जहाँ बच्चों के बीच में पढ़ाई के प्रति विशेष प्रतिस्पर्धा होती है, जिससे पढ़ाई का बहुत अच्छा माहौल बन जाता है, और विद्यार्थियों को अच्छी उपलब्धि के लिए अनुकूल रास्ता बन जाता है। उन्होंने 8वीं से11वीं तक के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले संकल्प शिक्षण संस्थान प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने यह भी कहा कि, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के सभी शिक्षक बहुआयामी प्रतिभा के धनी हैं,जो बासनताला के ग्रामीण अँचल में शिक्षा के क्षेत्र में पथरीली जमीन में हरियाली भरने का काम करते हैं। आयोजित इस सेमिनार में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की व्याख्याता ब्लारमी तिर्की, सुमति चौहान, ममता टोप्पो, रेशमा मिंज एवं काफी संख्या में

# कब्र खोदकर निकाली गई ट्रांसपोर्टर की लाश, परिजनों ने की शिनाख्त

- रायगढ़ के गजानन पुरम इलाके से पिछले 9 दिनों से लापता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के गजानन पुरम इलाके से पिछले 9 दिनों से लापता ट्रांसपोर्टर सोनू शर्मा की लाश मिली है। ट्रांसपोर्टर पिछले 31 मार्च से घर से लापता था। हालांकि पुलिस ने युवक के शव को 1 अप्रैल को ही रेलवे ट्रैक के पास बरामद कर लिया था लेकिन शिनाख्त नहीं होने की वजह से शव को लावारिस समझकर दफना दिया गया था। घटना के एक सप्ताह के बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने तस्वीर के आधार पर मृतक की शिनाख्त की। मृतकों के बयान के आधार पर एसडीएम की अनुमति से कब्र को फिर से खोदा गया और शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल शहर के जूट मिल थाना क्षेत्र के कोसमनारा इलाके में रेलवे



**रेलवे ट्रैक के पास मिली थी लाश, पुलिस ने लावारिस समझकर दफना दिया**

### पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की

5 अप्रैल को परिजनों ने सिटी कोतवाली में सोनू शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस को जूट मिल थाना क्षेत्र में लावारिस शव मिलने की जानकारी मिली। कोतवाली पुलिस ने जब परिजनों से शिनाख्त कराई तो शव सोनू शर्मा का ही निकला। मामले में पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की है। एसडीएम की अनुमति से शव को दोबारा कब्र से बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है की प्रथम दृष्टया जांच में ये बात सामने आई है कि युवक की मौत ट्रेन से कटने से हुई है। पुलिस इस मामले में जांच की बात कह रही है।

ट्रैक के पास 1 अप्रैल को एक युवक की लाश मिली थी। जूट मिल पुलिस ने युवक की शिनाख्ती का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं होने पर 24 घंटे बाद शव को पुलिस ने लावारिस समझकर दफना दिया। इधर कोतवाली थाना क्षेत्र के गजाननपुरम निवासी ट्रांसपोर्टर सोनू शर्मा 31 मार्च से घर से लापता था। परिजनों को लगा कि वह अपने व्यवसाय से कहीं बाहर गया है इसलिए उन्होंने खोजबीन नहीं की।

# 16 उर्वरक दुकानों में मिली कमी, सभी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में रासायनिक उर्वरकों की उचित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले दो दिनों के दौरान 16 उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 5 उर्वरक विक्रय केंद्रों गोयल फर्टिलाइजर रायगढ़, मेसर्स किसान इंटरप्राइजेज रायगढ़, अन्नपूर्णा खाद भंडार धरमजयगढ़, विक्की खाद भंडार सूपा, पुसौर एवं नरेश ट्रेडर्स



सेमरा, पुसौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिले में खाद भंडारण एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय दल का गठन किया गया है। इस दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि हिन्द कुमार भगत को बनाया गया है, जिनके निर्देशन में उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरंतर निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कृषि विभाग द्वारा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। किसान टोल फ्री नंबर पर कार्यालयीन समय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अवैध महुआ शराब जब्त, की गई कार्रवाई

**रायगढ़।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध महुआ शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी वृत्त खरसिया क्षेत्र में छापेमारी कर कुल 12.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2440 रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान बसनाझार, थाना खरसिया निवासी निर्मल निषाद के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं कार्तिक राम राठिया के पास से 6.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। जब्त की गई कुल 12.200 लीटर महुआ शराब के संबंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# कृषि विभाग की कार्रवाई, 14 हजार टन उर्वरक जब्त

**रायगढ़।** कलेक्टर के निर्देश में जिले में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। गठित जिला निगरानी दल ने विकासखंड पुसौर में विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान प्रधान ट्रेडर्स, पुसौर में 5 टन सिंगल सुपर फास्फेट तथा अग्रवाल खाद भंडार, पुसौर से 9.225 टन नीम लेपित यूरिया बिना पीओएस स्टॉक के पाए जाने पर कुल 14.225 टन उर्वरक जब्त किया गया। जब्त सामग्री को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

इसी क्रम में विकासखंड रायगढ़ में शंकर ट्रेडिंग कंपनी, कोतरा एवं सेवा सहकारी समिति, बायंग को अभिलेख अपूर्ण पाए जाने पर



कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं घरघोड़ा क्षेत्र में महामाया जनरल स्टोर और अग्रवाल खाद भंडार को पीओएस एवं भौतिक स्टॉक में अंतर मिलने पर नोटिस दिया गया है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने सभी निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसानों को उचित मूल्य पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि हिन्द कुमार भगत, उर्वरक निरीक्षक नृपराज डनसेना, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित पटेल एवं उर्वरक निरीक्षक श्रीमती मनीषा राठौर उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले में बदली रही हजारों लोगों की जिंदगी

# जिले के 28 हजार से अधिक परिवारों को मिले पक्के मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना से राज्य सहित जशपुर जिले में हजारों लोगों की जिंदगी बदली रही है। पक्की छत के नीचे लाखों लोग सुकून से रह रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास और पीएम जनमन योजना ने गरीब और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का मकान से लाभांवित कर उनके जीवन में बदलाव लाया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वे कर छूटे हुए लोगों को भी शत प्रतिशत आवास देने का लक्ष्य निर्धारित है। योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का घर प्रदान करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय और एलपीजी जैसी बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का मकान का लाभ देने है। जिन लोगों को जीवन वर्षों तक संघर्ष और अभाव की छाया में बीता। कच्चे मकान की टूटी-फूटी दीवारें और छत



**पक्की छत के नीचे सुकून से रह रहे है लोग,पीएम जनमन योजना से 1200 से अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति लोगों को मिला आशियाना**

उनके परिवार की मुश्किलों की गवाह थीं। बरसात के मौसम में तो हालत और भी विकट हो जाती थी। घर के भीतर पानी भर जाना, सामान भीग जाता और रातें जागते हुए काटनी पड़ती थीं। खुद के लिए एक पक्का घर बनाने का सपना, सपना ही बना रहता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जशपुर जिले में 50797 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें 28915 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

इन घरों में 28915 परिवार अपनों के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। इसी प्रकार पीएम जनमन के तहत जिले में 2023 से 2025 तक 2040 आवास स्वीकृत हुए हैं इनमें 1233 विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवार सभी सुविधाओं के साथ निवास कर रहें हैं। पीएम-जनमन एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। इसमें पीएम-आवास योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।

### कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ नगरपालिका कार्यालय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर लंबित कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों कर्मचारियों को उनके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।







### चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जूटमिल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जहां चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जूटमिल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दो मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम बलदेव दास महंत उर्फ नानु (24 वर्ष), निवासी केवाली थाना जोबी जिला रायगढ़ बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने पास रखी दोनों मोटरसाइकिल को चोरी का होना स्वीकार किया।

